सं0-43 /2022/001-1356-23-12-2022-549-2017टीसी

प्रेषक,

कामता प्रसाद सिंह,
विशेष सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-12 लखनऊ : दिनांक 21 सितम्बर, 2022

विषय:-केन्द्रीय मार्ग निधि योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में चालू कार्यों हेतु धनराशि अवमुक्त किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्रांक- पत्रांक-1370/सीई-एचक्यू 1/सीआरएफ/बीएआर/2022-23, दिनांक 05.09.2022 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि केन्द्रीय मार्ग निधि योजनान्तर्गत अग्रतालिका में अंकित 02 चालू कार्यों हेतु निम्नानुसार रू0 1238.91 लाख (रू0 बारह करोड़ अड़तीस लाख इक्यान्वे हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित शर्तों के अधीन अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल एतदद्वारा सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है :-

(धनराशि रू0 लाख में)

क्रम सं	खण्ड/ जनपद का नाम	शासनादेश संख्या	मार्ग का नाम	स्वीकृत / मूल लागत	अब तक आवंटन	प्रस्तावित आवंटन
1	2	3	4	5	6	7
1	नि0ख0-1 पीलीभीत	57/2021/494/ 23-12-2021- ई0एफ0-36/2021, दि-23.11.2021	ईटगांव बमरौली मार्ग का मार्ग के चौड़ीकरण सुदृढ़ीकरण का कार्य।	1992.52	820.03	**498.13**
2	प्रा0ख0 गौतमबुद्ध नगर	57/2021/494/ 23-12-2021- ई0एफ0-36/2021, दि-23.11.2021	सिकन्द्राबाद दनकौर मार्ग के किमी0 1 से 18 (700) तक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण (हार्ड पेव्ड शोल्डर का कार्य)।	2963.12	1219.48	**740.78**
			योग	**4955.64**	**2039.51**	**1238.91**

नियम व शर्ते / प्रतिबन्धों

(1) विभाग द्वारा वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक 07 जून, 2022 में वित्तीय स्वीकृतियां निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(2) केन्द्रीय मार्ग निधि योजनान्तर्गत भारत सरकार से प्राप्त होने वाली धनराशि का शत-प्रतिशत प्रतिपूर्ति प्राप्त किये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाय।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.nic.in

(3) स्वीकृत धनराशि एकमुश्त न आहरित कर कार्य की आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी तथा आहरित धनराशि बैंक/डाकघर/पी0एल0ए0/डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी।

(4) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(5) प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जायेगा।

(6) प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करेंगे कि स्वीकृत किये जा रहे इस कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य कार्ययोजना में सम्मिलित है। उक्त कार्य को गुणवत्तायुक्त पूर्ण कराकर फोटोग्राफ सहित उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाय।

(7) किसी भी स्थिति में कार्य एवं फण्डिंग की डुप्लीकेसी न होने दी जाये एवं समयान्तर्गत कार्य का पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

(8) उपरोक्त उल्लिखित कार्य के मूल स्वीकृति विषयक शासनादेश की शेष शर्तें यथावत रहेगी तथा उसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(9) उक्त धनराशि का भुगतान किये जाने से पूर्व सम्बन्धित अधिशासी अभियंन्ता द्वारा रोड सेफ्टी का कार्य किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 5,94,06,000 (रुपये पॉच करोड़ चौरान्वे लाख छः हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20222023 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 058 लेखा शीर्षक 5054048000421 सड़कों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के चालू कार्यों के लिए व्यवस्था (के.100/रा.0-के.) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय - व्ययक) अनुभाग - 1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या - 13 / 2022/ बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक- 07-जून 2022 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(कामता प्रसाद सिंह)
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

संख्या-43 /2022/001-1357-23-12-2022-549-2017तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।

2- महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय,उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

3- महालेखाकार(लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

4- नोडल अधिकारी, बजट आवंटन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।

5- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।

6- वित्त नियन्त्रक,लोक निर्माण विभाग,उ0प्र0 लखनऊ।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.nic.in

7- सम्बन्धित वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी।

8- मुख्य अभियन्ता(मु0-1),लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।

9- सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, लो0नि0वि0 ।

10- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता/अधीक्षण अभियन्ता, लो0नि0वि0 ।

11- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1

12- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8

13- लोक निर्माण अनु0-10

14- डाटा सेल, नवीन भवन सचिवालय, उत्तर प्रदेश शासन।

15- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अभय कुमार)
संयुक्त सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।